तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

# हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 25 जून 2024

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज



2 लरंगसाय कम्युनिटी हाल में किया गया सामूहिक योगाभ्यास










KILLER SALE UP TO 40% OFF
KILLER STORE - NEAR POONAM LODGE OLD BUS STAND - AMBIKAPUR CALL- 7400849887

SALE END OF SEASON SALE UP TO 60% OFF
निशांत नेक्स्ट वर्ल्ड

प्रवेश सूचना
BMLT (3 years) लैब टेक्नीशियन डिग्री | DMLT (2 years) लैब टेक्नीशियन डिप्लोमा
DXRT (3 years) एक्स - रे टेक्नीशियन | O.T. (1 years) ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन
D.Pharma (3 years) डी.फार्मा | Ophthalmic ass. (2 years) नेत्र सहायक
साथ इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस
अम्बिकापुर 7440435000
रायपुर 7440434000

ए.के. पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट
BMLT | DMLT | D.Pharma | BPT | OT Technician | X-Ray Technician
पुराना नर्सिंग कॉलेज, नमनाकला, अम्बिकापुर (छ.ग.)
7772963125, 9039511123

बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा भर्ती की आवश्यकता नहीं
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल
लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें :- 7400009183


### जनजाति गौरव समाज के कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री, कहा- नारियों का सम्मान हमारे देश की परम्परा

# महारानी दुर्गावती जनजातीय गौरव का प्रतीक : साय



दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री व अन्य।



भोजन करते सीएम व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय ने कहा कि महारानी दुर्गावती जनजातीय गौरव का प्रतीक हैं। उनका देश प्रेम और संघर्ष हम सबको प्रेरणा से भर देता है। सीएम श्री साय सोमवार को शहर के राजमोहिनी देवी भवन में जनजाति गौरव समाज द्वारा आयोजित महारानी दुर्गावती बलिदान दिवस के कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार जनजातीय गौरव की भावना को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

**खास बात**

- स्वच्छता दीदियों के साथ जमीन पर बैठकर खाया खाना, एसएलआरएम सेंटरों में वाटर कूलर लगाने की घोषणा

महारानी दुर्गावती का भव्य स्मारक जबलपुर में तैयार कराया गया है। देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जनजातीय समाज से हैं। उनका इस सर्वोच्च पद में आसीन होना जनजातीय समाज के लिए गौरव का विषय है। मुख्यमंत्री ने मां महामाया को नमन करते हुए कहा कि रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस के मौके पर जनजातीय गौरव समाज ने बहुत ही अच्छा कार्यक्रम किया है। मैं सौभाग्यशाली हूँ कि इस अवसर आपके बीच हूँ। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारे देश की परंपरा नारियों के सम्मान की है। शास्त्रों में कहा गया है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवताः। जब भी हम अपने देवता का नाम पुकारते हैं उससे पहले माता का नाम पुकारते हैं। हम सीता राम कहते हैं। राधे श्याम कहते हैं, हमेशा माता सबसे पहले स्मरण में आती हैं। मुख्यमंत्री ने आदिवासी समाज की बलिदानी परंपरा को भी इस अवसर पर स्मरण किया। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई में जनजातियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। चाहें बिरसा मुंडा हों, या गुंडाधुर हो, वीर नारायण सिंह हो इन सब बलिदानी महापुरुषों के बलिदान से देश स्वाधीन हुआ। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार इस जनजातीय गौरव के योगदान को रेखांकित कर रहे हैं।

कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि रानी दुर्गावती ने राम राज्य के आदर्श के आधार पर अपने राज्य का संचालन किया और अपने बलिदान से पूरे देश को प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पीएम जनमन आदि योजनाओं के माध्यम से जनजातीय समाज को आगे लाने का कार्य कर रहे हैं। इसके चलते इन इलाकों में विकास की गति काफी तेज हो गई है। संगोष्ठी में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े भी मौजूद रहीं। संगोष्ठी को बबरु वाहन अध्यक्ष सनातन संत समाज आश्रम सामरबार, सोहन सिंह सह प्रांत संयोजक, जनजाति सुरक्षा मंच प्रांत महाकौशल, परमेश्वर सिंह मरकाम, अध्यक्ष जनजाति गौरव समाज ने भी संबोधित किया। इस दौरान माता राजमोहिनी देवी सेवा आश्रम की संचालिका श्रीमती राम बाई, प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला पोर्ते, कुसमी विधायक श्रीमती उध्देश्वरी पैकरा, पूर्व सांसद कमल भान सिंह, पूर्व मंत्री राम सेवक पैकरा, भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, प्रशांत त्रिपाठी, विनोद हर्ष, अभिषेक शर्मा, मधुसूदन शुक्ला, संतोष दास, विश्व विजय सिंह तोमर सरगुजा संभागायुक्त जीआर चुरेंद्र, आईजी अंकित गर्ग, कलेक्टर, एसपी योगेश पटेल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, एवं बड़ी संख्या में आम जन उपस्थित रहे।

### उच्च शिक्षा हासिल करने वाले बच्चों के लिए अवसर की कमी नहीं

सीएम श्री साय ने कहा कि आदिवासी और वंचित समुदाय के जो बच्चे उच्च शिक्षा हासिल करना चाहते हैं उनके लिए भी अवसरों की कमी नहीं है। राज्य में 14 प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित है, जहां रहकर हमारे बच्चे नीट और जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकते हैं। आदिवासी समुदाय के युवाओं को सपनों को आकार देने सरकार लगातार काम कर रही है। जो बच्चे कलेक्टर, एसपी बनना चाहते हैं और दिल्ली में रहकर संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं, उनके लिए नई दिल्ली में ट्रायबल यूथ हॉस्टल संचालित किया जा रहा है। पहले इस हॉस्टल में सीटों की संख्या 50 थी। हम लोग युवाओं से मिले और महसूस किया कि इसे बढ़ाने की जरूरत है। फिर हमने यहां की सीटें बढ़ाकर 185 कर दी हैं। इन बच्चों की कोचिंग के खर्च का जिम्मा सरकार उठायेगी। इसके अलावा उन्हें और भी बहुत सी सुविधाएं दी जाती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे बच्चे पढ़-लिखकर अपने लिए जो भी क्षेत्र चुनेंगे, उन सभी क्षेत्रों में सरकार उन्हें मददगार के रूप में साथ खड़ी मिलेगी। हमारी सरकार बस्तर और सरगुजा के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। बस्तर में सुरक्षा कैंपों का विस्तार किया गया है। संवेदनशील क्षेत्रों में विकास की राह खुल गई है।

### स्वच्छता दीदियों के साथ सीएम ने किया भोजन

आज विचार गोष्ठी के पश्चात मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वच्छता दीदियों के साथ जमीन पर बैठकर सरई के पत्तों से बनी पतरी और दोने पर भोजन किया। जनजाति गौरव समाज की दीदियों ने मुख्यमंत्री को भोजन परोसा। इस मौके पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने भी स्वच्छता दीदियों के साथ भोजन किया। साथ ही स्वच्छता दीदियों की सुविधा के लिए सभी 20 एसएलआरएम सेंटरों में वॉटर कूलर लगाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्वच्छता दीदियों को स्वच्छता किट भी वितरित किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने समाज की मांग पर सामुदायिक भवन हेतु पूर्व में 50 लाख रुपए की स्वीकृति हो जाने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जल्द ही निर्माण कार्य शुरू किया जायेगा। इसके साथ ही उन्होंने एक निजी कोचिंग संस्थान का उद्घाटन किया।

### सीएम ने दी राज परिवार की सदस्य श्रीमती इंदिरा को श्रद्धांजलि

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने सरगुजा प्रवास के दौरान पूर्व उप मुख्यमंत्री व सरगुजा महाराज टीएस सिंहदेव के निवास तपस्या पहुंचे। सीएम श्री साय सरगुजा राजपरिवार की सदस्य श्रीमती इंदिरा सिंह के निधन उपरान्त दशगात्र कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस दौरान सीएम ने स्व. श्रीमती सिंह के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव सहित सरगुजा राजपरिवार के शोकाकुल सदस्यों से मुलाकात कर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। वहीं प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने भी स्व. श्रीमती इंदिरा सिंह को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



## बाइक भिंड़त में बची जान तो पैदल घर जाते समय पिकअप ने मारी टक्कर

**राजपुर।** बीती रात सड़क पर पैदल चल रहे युवक को तेज रफ्तार पिकअप के चालक ने टक्कर मार दी। सड़क दुर्घटना में घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस द्वारा अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है। थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह ने बताया कि मूलतः सीतापुर के ग्राम बनेया निवासी 34 वर्षीय मंजीत एक्का अपने साथी के साथ बूढा बगीचा में रहकर विद्युत विभाग में ऑपरेटर का काम करता है। रविवार की रात मंजीत एक्का व उसके साथी की दूसरे बाइक से टक्कर हो गई थी। दुर्घटना में दोनों युवक बाल बाल बचे लेकिन उनकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई थी। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया लेकिन दूसरे पक्ष ने नुकसान की भरवाई सुबह करने का वादा किया ऐसे में दोनों युवक अपनी बाइक को राजपुर थाने में खड़ी करने आए थे और पुलिस को आपसी समझौते की जानकारी देने के बाद वापस बूढा बगीचा जा रहे थे। इस दौरान एनएच 343 पर सब्जी मंडी के समीप रात लगभग 1 बजे पीछे आ रहे पिकअप के चालक ने टक्कर मार दी जिससे पैदल चल रहे मंजीत एक्का गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने अज्ञात पिकअप वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया और शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

# ट्रेलर ने बाइक सवारों को रौंदा, फिर जाकर टकराया पेड़ से

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

बीती रात ट्रेलर व बाइक के बीच हुई भिंड़त में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। नगर से लगे ग्राम भेड़ाघाट के समीप लोहे का एंगल लोड ट्रेलर के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवारों को रौंद दिया जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रेलर की रफ्तार इतनी अधिक थी कि दुर्घटना के बाद अनियंत्रित ट्रेलर पेड़ से जाकर टकराया और पेड़ उखड़ गया। वहीं घटना के बाद ट्रेलर चालक व क्लीनर में वाहन के केबिन में बुरी तरह फंस गए जिन्हे पुलिस ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया जहां चालक ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया जबकि क्लीनर की हालत नाजुक बनी हुई है। बताया जा रहा है कि झारखंड के गढ़वा निवासी रतन केशरी अपनी बड़ी मां उषा देवी के साथ बाइक क्रमांक जेच 14 आई 2024 से राजपुर में रहने वाले जीजा बबलू केशरी के घर जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने के आ रहा था। जबकि ट्रेलर क्रमांक बीआर 02 जीए 8161 अंबिकापुर की ओर से लोहे का एंगल लोड कर झारखंड की ओर जा रहा था। इस दौरान रात लगभग 11.30 बजे ऐसे ही बाइक सवार ग्राम भेड़ाघाट महान नदी के समीप पहुंचे सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवारों को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर के बाद रतन केशरी और उषा देवी ट्रेलर के नीचे आ गए जिससे दोनों की मौके पर ही कुचलने से मौत हो गई। वहीं घटना के बाद तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जाकर टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पेड़ टूटकर गिर गया जबकि पीछे केबिन में लोड लोहे का एंगल केबिन को चीरते हुए अंदर घुस गया। घटना के बाद चालक बिहार औरंगाबाद निवासी बबलू यादव व क्लीनर वाहन में बुरी तरह से फंस गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद राजपुर थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया गया। लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद चालक व क्लीनर को निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान चालक बबलू यादव की भी मौत हो गई। दुर्घटना में घायल क्लीनर को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है जबकि मृतकों के शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और धारा 304(ए), 337, 279 के तहत अपराध दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है। इस घटना के बाद परिवार के जन्म दिन की खुशियां मातम में बदल गई।

- महिला समेत तीन की मौत, ट्रेलर चालक ने अस्पताल में तोडा दम





### खबर संक्षेप

## सुधीर चुने गए सैनिक स्कूल के अभिभावक प्रमुख

**अंबिकापुर।** सैनिक स्कूल का अभिभावक प्रमुख सुधीर सिंह को चुना गया है। पूर्व अभिभावक प्रमुख पद्मनाभ शर्मा ने बताया कि रविवार को सैनिक स्कूल में लोकल बोर्ड ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन हेतु अभिभावक प्रमुख का चयन किया गया। इस दौरान कैडेट रूद्र प्रताप सिंह के पिता कोणार्क बिल्डर्स के संचालक सुधीर सिंह को सर्वसम्मति से अभिभावक प्रमुख चुना गया। सैनिक स्कूल अम्बिकापुर के प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल ने पूर्व अभिभावक प्रमुख को सफल कार्यकाल एवं नए अभिभावक प्रमुख सुधीर सिंह के चयन पर शुभकामनाएं दी। प्राचार्य द्वारा स्कूल संचालन में परस्पर सहयोग एवं समन्वय के साथ कार्य करने की इच्छा व्यक्त की। इस दौरान नव नियुक्त अभिभावक प्रमुख श्री सिंह को विद्यालय के शिक्षकों व अभिभावकों ने बधाई दी।



### डीन डॉ.मूर्ति ने किया शुभारंभ, तीन घंटे में मिलेगी रिपोर्ट

# पैथोडिटेक्टर आरटीपीसीआर से शुरू हुई क्षय रोग की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में क्षय मरीजों की ड्रग रेसिस्टेंस टीबी का पता लगाने की सुविधा सोमवार से शुरू कर दी गई है। मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. आर मूर्ति ने आज आईसीएमआर प्रोजेक्ट के तहत मेडिकल कॉलेज को प्रदान के लिए पैथोडिटेक्ट आरटीपीसीआर मशीन का उद्घाटन किया। इस मशीन की सहायता से एक महीने में मिलने वाली जांच रिपोर्ट महज तीन घंटे में मिल जाएगी। आज पैथोडिटेक्ट आरटीपीसीआर के उद्घाटन के दौरान डीन डॉ. मूर्ति ने बताया कि ड्रग रेसिस्टेंट टीबी की जांच माइक्रोबायोलॉजी विभाग में प्रारंभ कर दी गई है। आईसीएमआर प्रोजेक्ट सरगुजा द्वारा प्रदाय मशीन का उपयोग सरगुजा के पहुंचविहीन व दूरस्थ गांव में निवासरत क्षय (टीबी) रोग के संभावित मरीजों के बलगम की जांच किया जाएगा जिससे ⏭ शेष पेज 4 पर



### सरगुजा में 903 क्षय रोगी

जिला क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता ने वर्ष 2022-23 में क्षय रोग के संभावित मरीजों की जांच के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि विगत वर्ष क्षय रोग के संभावित 45 हजार 351 मरीजों की जांच हुई जिसमें 1732 मरीजों की पुष्टि हुई, इसमें से ज्यादातर क्षय किटाणु की पहचान आरटीपीसीआर मशीन, टू नॉट व सीबी नॉट मशीन से हुई। इन मशीनों से किटाणु की पहचान व रिफाम्पिसीन दवाई की संवेदनशीलता की जानकारी मिलती थी। दूसरी दवाई की संवेदनशीलता की परख के लिए सैंपल रायपुर भेजा जाता था, जिसकी रिपोर्ट आने में एक माह का समय लग जाता था। पैथोडिटेक्ट आरटीपीसीआर मशीन के चिकित्सा महाविद्यालय व क्षय उन्मूलन केन्द्र में संचालन से जिले को क्षय मुक्त की दिशा में मदद मिलेगी। वर्तमान में क्षय रोग की सक्रिय मरीज की संख्या 903 है।

### शीघ्रता से होगी जांच

क्षय रोग परीक्षण इलाज एवं प्रबंधन की दिशा में राज्य शासन एवं आईसीएमआर प्रदत्त पैथोडिटेक्ट आरटीपीसीआर मशीन अंचल के लिए सौगात है। ड्रग रेसिस्टेंट केसेस की जांच शीघ्रता से की जा सकेगी।

-डॉ. रमणेश मूर्ति, अधिष्ठाता

## सर्पदंश की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर तीन लोगों की गई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सर्पदंश से गंभीर हुए तीन लोगों की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार करौंधा थाना अंतर्गत ग्राम मतगुड़ी निवासी आयुष बुनकर आ. विक्रमा बुनकर (18 वर्ष) 22 जून की रात 8.30 बजे घर से बाहर निकला था। इसी दौरान जहरीले सांप ने काट लिया। सांप के काट लेने पर युवक ने घटना की जानकारी परिजन को दी। परिजन निजी वाहन से युवक को कुसमी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां आज सुबह उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। दूसरी घटना में रामचन्दरपुर निवासी रामलाल सिंह आ. स्व. जय मंगल सिंह (35 वर्ष) भतीजा अमेरिलन के साथ पोकलेन मशीन चलाने का काम करता था। रविवार की रात रामलाल किराए के मकान में सोने चला गया। सुबह भतीज किराए के मकान में सो रहे चाचा को उठाने गया तो चाचा ने बताया की उसे जहरीले सांप ने काट लिया। भतीजा से बात करने के दौरान रामलाल मौके पर ही अचेत हो गया। भतीजा अन्य लोगों की मदद से चाचा को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं एक ⏭ शेष पेज 4 पर


# जीवेत शरदः शतम्

सरगुजा संभाग के वरिष्ठ अधिवक्ता

## श्री संजय अम्बष्ट जी

## को जन्मदिन की

## हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...



**श्री संजय अम्बष्ट जी**

**अधिवक्ता**

नाम - श्री संजय अम्बष्ट
जन्मतिथि - 25 जून 1970
शिक्षा - एमए (भूगोल,इतिहास, राजनीती, समाजशास्त्र ) बीएड, एलएलबी
प्रारंभिक शिक्षा - मणिपुर प्राथमिक स्कूल, अंबिकापुर
उच्च शिक्षा - पी.जी. कॉलेज, अंबिकापुर
विवाह - 27 नवम्बर 2000
पेशा - वकालत (1993 से )
विशेषज्ञता - आप्राधिक
रुचि - खेलकूद, किताबे पढ़ना, सामाजिक कार्य
पसंदीदा रंग - पीला शर्ट, टीशर्ट, कला पैंट
सबसे अच्छी मित्र - पूनम (धर्मपत्नी )
जिससे प्रभावित हुए - श्री सुरेन्द्र तिवारी (सेवानिवृत्त न्यायाधीश )
सबसे दुखद समय - माँ का असमय चले जाना
मूल सिद्धांत - अपने पेशे में ईमानदारी





**विनोद अग्रवाल**
राजपुर



**प्रवीण अग्रवाल**
राजपुर

जीवेत् शरदः शतम्



सरगुजा संभाग के जाने-माने अधिवक्ता
हमारे आदरणीय
श्री संजय अम्बष्ट जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं









श्री संजय अम्ष्ट जी का बचपन काफी संघर्ष या यूं कहें कि उस दौर में मूलभूत सुविधाओं की कमी और जागरुकता तथा संसाधनों की कमी के कारण काफी संघर्षमय गुजरा। पढ़ाई में औसत होने के बावजूद शिक्षा के प्रति लगाव बी.एस.सी, बी.एड, एमए (भूगोल, इतिहास, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र) एल.एल.बी. तक की शिक्षा के प्रति लगाव को दर्शाता है। इस बात को बहुत कम लोग जानते है कि वर्ष 1988 में एक साथ हिन्दी- अंग्रेजी टाइपिंग की परीक्षा पास करने के बाद कभी किसी शासकीय नौकरी या प्रतियोगी परीक्षा में शामिल नहीं हुए। शुरु से ही एक जुनून था कि जो करना है अपने बूते अपने लिए करना है ताकि स्वतंत्र निर्णय लेने की स्थिति में सदा रहा जाए। इसके साथ ही जीवन का सार्थक उद्देश्य रहा कि नौकरी मांगने वाला नहीं देने वाला बनना है। वकालत से अच्छा और कोई विकल्प नहीं था इस कारण वकालत के पेशा के लिए अपना आदर्श और गुरु श्री अब्दुल रशीद सिद्दिकी जी के शरणा गत होकर आज का मुकाम हासिल किये।

BHART group
QUALITY IS TRUST



ARIF FIRDOUSI
ANAND COMPLEX RING ROAD AMBIKAPUR
9531100000



# 27 साल बाद वादा निभाने आ रहा है फौजी...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सन्नी देओल ने अपनी आने वाली फिल्म बार्डर 2 का अनाउंसमेंट वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। जेपी दत्ता के निर्देशन में बनी सुपरहिट फिल्म बार्डर वर्ष 1997 में रिलीज हुई थी। फिल्म 'बॉर्डर' में सन्नी देओल,अक्षय खन्ना, सुनील शेट्टी,जैकी श्रॉफ, पूजा भट्ट, राखी, तब्बू समेत कई कलाकार नजर आये थे। फिल्म बार्डर 2 का निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, जेपी दत्ता और निधि दत्ता करेंगी और निर्देशन अनुराग सिंह करने वाले हैं। सन्नी देओल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म बार्डर के सीक्वल बॉर्डर 2 का अनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया है।

लाइफ Style

# पायल



इंडियन एक्ट्रेस और रियलिटी टीवी स्टार पायल रोहतगी, जिनका बेबाकपन उनके व्यक्तित्व की पारदर्शिता दर्शाता हैं। सच्चाई तो यह है कि अब एक्टिंग ही पायल की सफलता का दायरा नही हैं बल्कि अब ये एक बिज़नेस वीमेन भी बन चुकी हैं।

## रेलवे में यात्रियों के लिए क्लाउड किचन किया लांच

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जी हां पायल ने भारतीय रेलवे में यात्रियों की सेवा के लिए क्लाउड किचन लॉन्च करके एक महत्वपूर्ण उद्यमशीलता की छलांग लगाई है। इस पहल का उद्देश्य ट्रेन यात्रियों के लिए उनके सफर के दौरान ताज़ा तैयार, उच्च गुणवत्ता वाला भोजन उपलब्ध कराकर उनके खाने के अनुभव को बेहतर बनाना है। पायल रोहतगी ने मनोरंजन उद्योग में एक उल्लेखनीय करियर बनाया है, वह हिंदी फिल्मों और बिग बॉस और लॉक अप जैसे रियलिटी टीवी शो में दिखाई दी हैं, जहाँ वह उपविजेता रहीं। अपने मनोरंजन के शौक से परे, पायल के पास कंप्यूटर इंजीनियरिंग की डिग्री है और वह गुजरात बोर्ड में शीर्ष स्कोरर थीं, जिसने उनकी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एक साल पहले, पायल ने आगरा में एक समारोह में अंतरराष्ट्रीय पहलवान संग्राम सिंह के साथ शादी के बंधन में बंधी, जो उनके निजी जीवन में एक नया अध्याय था। पायल ने परियोजना के बारे में कहा क्लाउड किचन भोजन की समय पर और कुशल डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए भारतीय रेलवे के व्यापक नेटवर्क का उपयोग करेगा। हमारी क्लाउड किचन अवधारणा हमें यात्रियों को स्वादिष्ट, पौष्टिक भोजन प्रदान करने की अनुमति देती है, जिससे वे उच्च गुणवत्ता वाले भोजन के साथ अपनी यात्रा का आनंद ले सकें।

हॉलीवुड मसाला

# नहीं रहे सुपरस्टार डोनाल्ड...



**लॉस एंजिलस।** फिल्मी दुनिया से एक बुरी खबर सामने आ रही है. कनाडा के सबसे बहुमुखी और प्रतिभाशाली एक्टर्स में से एक डोनाल्ड सदरलैंड का 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उन्होंने 'ऑर्डिनरी पीपल' और 'हंगर गेम्स' जैसी फिल्मों में काम किया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार लॉस एंजिल्स में फेमस एक्टर ने लंबी बीमारी के बाद दुनिया को अलविदा कह दिया। एक्टर के निधन की जानकारी उनके बेटे किफर सदरलैंड ने दी।



# अब फ्रांस व ब्रिटेन में भी रिलीज होगी 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स'...

**लॉस एंजिलस।** ऋचा चड्डा और अली फजल बॉलीवुड के पावर कपल हैं। यह जोड़ी एक तरफ अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में हैं, तो वहीं अपने प्रोडक्शन में बनी फिल्म 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' को लेकर लगातार सुर्खियों में हैं.।यह फिल्म इंटरनेशनल लेवल पर धूम मचा रही है। अब यह जल्द ही फ्रांस और ब्रिटेन में रिलीज होगी। बता दें 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स' का डायरेक्शन शुचि तलाठी ने किया है। 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स भारत के पुशिंग बटन स्टूडियो, फ्रांस के डोल्से वीटा फिल्म्स और ब्लिंक डिजिटल के बीच एक इंडो-फ्रेंच सह-निर्माण है। इस मौके पर ऋचा ने कहा, 'हमें यह देखकर बेहद गर्व है कि 'गर्ल्स विल बी गर्ल्स को ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर काफी सराहा जा रहा है। हम फ्रांस और यूके की ऑडियंस के फीडबैक को जानने के लिए एक्साइटेड हैं जो इसे सबसे पहले एक्सपीरियंस करेंगे। एक्ट्रेस ने कहा कि 'वह फिल्म को ग्लोबल लेवल पर मिल रहे प्यार से बेहद खुश हैं।



# 'नागवधू-एक...' में नजर आएंगी पोलोमी

**मुंबई।** टीवी की मशहूर एक्ट्रेस पोलोमी दास ने 'पौराशपुर', 'नागिन 6' और 'बारिश' जैसे शो से दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाई है। वह जल्द ही 'नागवधू-एक जहरीली कहानी' में नजर आएंगी। उन्होंने शो में अपने किरदार सनवरी के बारे में खुलकर बात की और कहा कि यह सीरीज एक महिला के संघर्ष को दिखाती है। पोलोमी ने कहा, "मेरा किरदार सनवरी भारत के एक छोटे से गांव में रहती है। उसका पूरा गांव बहुत सारे अंधविश्वास के साथ जीता है। वह शादीशुदा है। शो की कहानी उसकी जिंदगी में शादी के बाद आए बदलाव पर आधारित है। वह अंदर से पूरी तरह से टूट चुकी है। 'नागवधू-एक जहरीली कहानी' सीरीज एक ऐसी महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसको लेकर चर्चाएं हैं कि वह जिस भी लड़के के साथ रात बिताती है, उसकी हत्या कर देती है।



# 'घायल शेर...' गर्दा काटने आ रहे हैं गुड्डू भैया

**नई दिल्ली।** पॉपुलर क्राइम-ड्रामा सीरीज 'मिर्जापुर' के तीसरे सीजन का इंतजार कर रहे फैंस को मेकर्स ने सरप्राइज दिया है। दरअसल मेकर्स ने जहां इस सीरीज की रिलीज डेट अनाउंस कर दी है तो वहीं 'मिर्जापुर 3' की पहली झलक टीजर से सामने आ गई है। मेकर्स ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लिखा है-" मिर्जापुर सीजन 3 का प्रबंध कर दिए हैं, डेट नोट कर लीजिए, मिर्जापुर प्राइम पर 5 जुलाई को रिलीज होने वाली है। इसमें पंकज त्रिपाठी कालीन भैया का अहम रोल प्ले करेंगे। साथ ही सबके चहेते अली फजल गुड्डू भैया के रोल में दिखाई देंगे। इस सीरीज में रसिका दुग्गल, विजय वर्मा, श्वेता त्रिपाठी जैसे कई कलाकार नजर आएंगे। शो में इस बार मुन्ना भैया का रोल निभाने वाले दिव्येंदु शर्मा नजर नहीं आएंगे।

टीवी मसाला



# बिग बॉस : इस बार हर सीजन से होगा अलग

**मुंबई।** रिएलिटी शो 'बिग बॉस ओटीटी 3' के ग्रैंड प्रीमियर का आगाज जियो सिनेमा पर हो गया है और इस बार शो को फिल्म अभिनेता अनिल कपूर होस्ट कर रहे हैं। इस बार का 'बिग बॉस' बेहद खास होने वाला है, क्योंकि इसमें टीवी-फिल्मों के कलाकार के साथ यूट्यूबर्स और कंटेंट क्रिएटर्स भी अपना दम दिखाने वाले हैं। सबसे खास बात ये है कि इस बार घर के अंदर एक बाहर वाला होगा। यानी जासूस, जो अंदर बैठकर बाहर की खबर रखेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, 'बिग बॉस' ने सभी कंटेस्टेंट को बारी-बारी से कन्फेशन रूम में बुलाया और उन्हें मोबाइल फोन दिए। इसके जरिए वह दूसरे कंटेस्टेंट्स से बात कर सकेंगे और बिग बॉस से मैसेज रिसीव कर पाएंगे। इसमें उन्हें समय का भी पता चलता रहेगा। इसमें सिम नहीं होगा। आपको बता दें 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 3' का ग्रैंड प्रीमियर 21 जून की शाम 9 बजे हो चुका है।

## लव कटारिया को फोन देकर बिग बॉस ने दी सलाह

बिग बॉस ने लव कटारिया को फोन देते हुए कहा कि वह न तो इसे किसी के साथ शेयर करेंगे और न किसी और सदस्य को दिखाएंगे। न ही अपना पासकोड किसी और को बताएंगे। इस पर एक एप्लीकेशन है, चैट एप्लीकेशन, इससे दूसरे सदस्यों के साथ चैट कर सकेंगे। ये मौका अभी नहीं, बाद में मिलेगा।

## सना सुल्तान हैं शो की पहली जासूस

वहीं, सना सुल्तान, जो कि एजेंट बनकर गई हैं, वह बाहरवाली हैं और उन्हें बिग बॉस के जरिए सारी जानकारी मिलती रहेगी। बिग बॉस ने उन्हें बताया है कि उन्हें इम्युनिटी मिलेगी और उन्हें नॉमिनेट नहीं किया जाएगा लेकिन अगर लोगों को लगता है कि वह जासूसी अच्छे से नहीं कर रही हैं तो उनकी जगह दूसरा कोई कंटेस्टेंट ले सकता है और हर हफ्ते जासूस बदला जाएगा।

## बिग बॉस में इस बार नजर आएंगे ये

बिग बॉस ओटीटी 3' में इस बार काफी कुछ नया देखने को मिलेगा। इस घर में दिल्ली की 'वड़ा पाव गर्ल' चंद्रिका दीक्षित, रूरल एरिया इन्फ्लुएंसर शिवानी कुमारी, यूट्यूबर अरमान मलिक और उनकी दोनों पत्नियां , पत्रकार दीपक चौरसिया समेत कई अलग-अलग चेहरे नजर आएंगे। सलमान खान की जगह अनिल कपूर तो नजर आ ही रहे हैं। इसके अलावा नियमों में भी काफी बदलाव किए गए हैं। अभी फोन और एजेंट वाली चीजें जोड़ी गई हैं। आने वाले समय में और भी कुछ धमाका हो सकता है।

# राजकुमार ने 24 में से दी 17 फ्लॉप फिल्में...



**नई दिल्ली।** साल 2010 में करियर की शुरुआत करने वाले राजकुमार राव आज किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। अपने करियर में वह अब तक सिर्फ एक ही ब्लॉकबस्टर दे पाए हैं। एक्टर ने अपनी लाइफ में ऐसा भी समय देखा है जब उनके पास फीस भरने तक के पैसे नहीं थे। राजकुमार राव की कई ऐसी फिल्में हैं जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर खास प्रदर्शन नहीं किया। इसमें करीब 17 फिल्में हैं, जो फ्लॉप की कैटेगरी में रहीं। वहीं, सुपरहिट केवल एक फिल्म रही। राजकुमार राव ने अपने 24 साल के करियर में महज एक सुपरहिट फिल्म दी है। उनकी ये फिल्म 100 करोड़ क्लब में शामिल होने वाली पहली फिल्म थी। इतने साल के करियर में राजकुमार ने सिर्फ एक 100 करोड़ी यही एक फिल्म दी थी, जिसका नाम है 'स्त्री'। बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव इन दिनों जान्हवी कपूर संग फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में नजर आ रहे हैं। अपने 14 साल के करियर में उन्होंने कई हिट और फ्लॉप फिल्मों में काम किया है। करियर की शुरुआत में उन्होंने कई छोटे-छोटे रोल निभाए, लेकिन देखते ही देखते वह इंडस्ट्री के स्टार बन गए। राजकुमार राव ने अपने करियर की शुरुआत साल 2010 में फिल्म 'लव सेक्स और धोखा' से की थी। इसके बाद सालों तक स्ट्रगल करने के बाद उन्हें सही मुकाम मिला और उनके किरदार लोगों को पसंद आने लगे। लेकिन बीते कुछ समय से वह किसी हिट फिल्म में नजर नहीं आए हैं। हालांकि, अपने हर किरदार के लिए वह काफी हार्ड वर्क करते हैं।

# वेब सीरीज में धमाल मचाने के लिए तैयार



**मुंबई।** पिछले कुछ साल फिल्मों, वेब प्रोजेक्ट्स और म्यूजिक वीडियो में धूम मचाने वाली अलंकृता अब वेबसीरीज में धमाल मचाने तैयार हैं। प्रतिभाशाली और मेहनती अभिनेत्री अब अपनी अगली वेब श्रृंखला 'पति पत्नी और कांड' के लिए पूरी तरह तैयार है, जो एमएक्स प्लेयर, अतरंगी और जियो सिनेमा के सहयोग से है। अलंकृता इस प्रोजेक्ट में सुनैना का किरदार निभा रही हैं और हम बेहद उत्साहित हैं। इसके बारे में पूछे जाने पर, अलंकृता ने कहा कि भगवान का शुक्रिया, पिछला साल विशेष रूप से मेरे लिए काफी अच्छा रहा है। मेरे काम को अच्छे पुरस्कारों के साथ मान्य किया गया है और उन्हें नए अच्छे काम के साथ आगे बढ़ाया गया है। टिप्पी विशेष थी और उसके लिए मुझे जो प्यार मिला उसके बाद मैं अपनी अगली फिल्म में कुछ दिलचस्प और अलग करने की उम्मीद कर रही थी और तभी 'पति पत्नी और कांड' मेरे पास आई जिसमें मेरा किरदार सुनैना का है। मैं वास्तव में इस परियोजना में अच्छा प्रदर्शन करने और एक बार फिर अपने दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए उत्सुक हूं।


## पहली पत्नी से तलाक के बाद इन सितारों को दोबारा हुआ प्यार

# बॉलीवुड के इन अभिनेताओं को तलाक के बाद मिला सच्चा प्यार

*मुंबई। बॉलीवुड सितारे अक्सर अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। इंडस्ट्री में ऐसे कई अभिनेता हैं, जिन्होंने अपनी लंबी शादी के बाद तलाक ले लिया और इसके बाद उन्हें सच्चा प्यार मिला। ऋतिक रोशन जैसे ऐसे कई कलाकार हैं, जिन्होंने अपनी शादी के कई सालों बाद तलाक लिया। पहली पत्नी से तलाक के बाद इन सितारों को दोबारा प्यार हुआ और अब वे अपनी जिंदगी में बेहद खुश हैं। आइए उनके बारे में जानते हैं।*



**ऋतिक रोशन :** ऋतिक और सुजैन खान ने 2013 में शादी के 13 साल बाद अलग होने का फैसला किया था। उनकी लव मैरिज साल 2000 में हुई थी, जिसके बाद दोनों के 2 बेटे हुए। तलाक के बाद अब ऋतिक और सुजैन दोनों को ही प्यार मिल गया है। ऋतिक इन दिनों अभिनेत्री सबा आजाद को डेट कर रहे हैं, जो उनसे 12 साल छोटी हैं। ऋतिक और सबा अक्सर एक-दूसरे पर प्यार लुटाते दिखते हैं।



**अर्जुन रामपाल :** अभिनेता अर्जुन रामपाल अपनी पेशेवर जिंदगी के साथ-साथ अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी खूब सुर्खियां बटोरते हैं। उन्होंने 1998 में सुपरमॉडल मेहर जेसिया से शादी की थी। दोनों की शादी 20 साल चली और 2019 में उनका तलाक हो गया। अर्जुन और मेहर की 2 बेटियां हैं। मेहर से तलाक के बाद अर्जुन का अफेयर साउथ अफ्रीकी मॉडल गैब्रिएला से शुरू हुआ। दोनों पिछले काफी वक्त से लिव इन में रह रहे हैं और उनके 2 बेटे हैं।



**सैफ अली खान और अरबाज खान :** सैफ अली खान ने 1991 में अभिनेत्री अमृता सिंह से शादी की थी। 13 साल बाद 2004 में दोनों का तलाक हो गया और सैफ ने करीना कपूर के साथ अपना घर बसाया, जिनके साथ उनके 2 बेटे हैं। उधर अरबाज खान और मलाइका अरोड़ा ने 18 साल तक शादी में रहने के बाद 2016 में अलग होने का फैसला किया। उनका एक बेटा है। 2023 अरबाज ने खुद से 25 साल छोटी मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान से शादी की।





**पुलकित सम्राट और फरहान अख्तर :** पुलकित सम्राट ने 4 साल की डेटिंग के बाद अभिनेत्री कृति खरबंदा से इसी साल शादी रचाई। इससे पहले उन्होंने 2014 में सलमान खान की राखी बहन श्वेता रोहिरा से शादी की थी, लेकिन शादी के 11 महीने बाद दोनों अलग गए थे। दूसरी ओर फरहान अख्तर ने 1998 में सेलेब हेयरस्टाइलिस्ट अधुना भबानी से शादी की थी। 16 साल साथ रहने के बाद उनका तलाक हुआ। फिर फरहान को शिबानी दांडेकर से प्यार हुआ। 2022 में उनकी शादी हुई।




लोकप्रिय अधिवक्ता
श्री संजय अम्बष्ट जी को
जन्मदिन की
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
शिवलाल जायसवाल
अम्बिकापुर


लोकप्रिय अधिवक्ता
श्री संजय अम्बष्ट जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
मो. बाबर ईदरिसी
कोषाध्यक्ष-जिला कांग्रेस कमेटी
अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ सरगुजा


लोकप्रिय अधिवक्ता श्री संजय अम्बष्ट जी को
जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
संजीव मंदिलवार
महामंत्री
जिला कांग्रेस कमेटी, सरगुजा
परवेज आलम 'गांधी'
प्रदेश महासचिव-छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी,
अल्पसंख्यक विभाग


आप स्वस्थ्य व दीर्घायु हों, मां महामाया आपकी सभी मनोकामनायें पूर्ण करें।
सरगुजा संभाग के जाने माने अधिवक्ता हम सब के आदरणीय
श्री संजय अम्बष्ट जी को
जन्मदिन की
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
श्री संजय अम्बष्ट जी
अनेक गुप्ता
अभिक गुप्ता
नितिश गुप्ता
अमन गुप्ता
बाबू भाई परिवार , अम्बिकापुर


लोकप्रिय अधिवक्ता
श्री संजय अम्बष्ट जी को
जन्मदिन
की
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
श्री संजय अम्बष्ट जी
दीप सिन्हा (आयुष)



श्री संजय अम्ष्ट जी का बचपन काफी संघर्ष या यूं कहें कि उस दौर में मूलभूत सुविधाओं की कमी और जागरुकता तथा संसाधनों की कमी के कारण काफी संघर्षमय गुजरा। पढ़ाई में औसत होने के बावजूद शिक्षा के प्रति लगाव बी.एस.सी, बी.एड, एमए (भूगोल, इतिहास, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र) एल.एल.बी. तक की शिक्षा के प्रति लगाव को दर्शाता है। इस बात को बहुत कम लोग जानते है कि वर्ष 1988 में एक साथ हिन्दी– अंग्रेजी टाइपिंग की परीक्षा पास करने के बाद कभी किसी शासकीय नौकरी या प्रतियोगी परीक्षा में शामिल नहीं हुए। शुरु से ही एक जुनून था कि जो करना है अपने बूते अपने लिए करना है ताकि स्वतंत्र निर्णय लेने की स्थिति में सदा रहा जाए। इसके साथ ही जीवन का सार्थक उद्देश्य रहा कि नौकरी मांगने वाला नहीं देने वाला बनना है। वकालत से अच्छा और कोई विकल्प नहीं था इस कारण वकालत के पेशा के लिए अपना आदर्श और गुरु श्री अब्दुल रशीद सिद्धिकी जी के शरणागत होकर आज का मुकाम हासिल किये।










## खबर संक्षेप

### शासकीय कन्या शाला शिक्षा परिसर में प्रवेश परीक्षा की बढ़ाई गई तिथि

**सूरजपुर।** शासकीय कन्या शाला शिक्षा परिसर में छात्राओं के प्रवेश की तिथि में संशोधन किया गया। जिसमें रिक्त सीट के लिए प्राप्त फार्म की संख्या कम होने के कारण परीक्षा फॉर्म वितरण तथा जमा करने की तिथि 29 जून तथा प्रवेश परीक्षा की तिथि 5 जुलाई तक बढ़ाई गई है। कक्षा 6 वीं एवं 9 वीं में प्रवेश के लिए 5वीं एवं 8वीं में ए ग्रेड से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। कक्षा 11 वीं में प्रवेश के लिए कक्षा 10 वीं में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। कक्षा 6 वीं में अ.जा. के 5 सीट, अ.ज.जा के 28 सीट व सामान्य वर्ग के 2 सीट रिक्त है। कक्षा 9 वीं में अ.जा. के 3 सीट व अ.ज.जा के 9 सीट रिक्त है। कक्षा 11 वीं में अ.जा. के 3 सीट व अजजा के 2 सीट रिक्त है।

### बच्चों को सनातन संस्कृति सिखाने पहली बार हुई कार्यशाला



**सूरजपुर।** नगर के अग्रवाल महिला मंडल व मारवाड़ी युवा मंच संस्कृति शाखा द्वारा नगर के सत्संग भवन में सनातन धर्म की शिक्षा शिविर का आयोजन किया। शिविर का समापन नगर पालिका अध्यक्ष केके अग्रवाल सहित नगर के वरिष्ठ लोगों के आतिथ्य में संपन्न हुआ। शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों के लिए परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें विजेता व उपविजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। सनातन संस्कृति व संस्कार के प्रति बच्चों में जागरूकता व उनके आत्मबल के विकास के लिए सनातन धर्म की शिक्षा के लिए शिविर का आयोजन किया गया था। चार दिनों तक चले शिविर का समापन नपा अध्यक्ष केके अग्रवाल, भोला प्रसाद अग्रवाल, भीमसेन अग्रवाल, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष अमृतलाल अग्रवाल, वरिष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष अनिल गोयल, अग्रवाल सेवा समिति के अध्यक्ष अवधेश अग्रवाल, अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवेश गोयल, व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मुकेश गर्ग के आतिथ्य में संपन्न हुआ। अतिथियों ने बच्चों से सनातन शिविर में सनातन धर्म की शिक्षा पर पहली बार हुए इस तरह के आयोजन के लिए आयोजकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस शिक्षा को मात्र शिविर तक ही न सीमित रखें, बल्कि अपनी दिनचर्या में इसे शामिल करें। आज की पीढ़ी को सनातन की शिक्षा देने का काम करने वाली संस्था की अतिथियों ने सराहना की। सनातन धर्म की शिक्षा की अलख जगाने वाले रायगढ़ से पधारे पंडित रानू महाराज की अतिथियों ने उनके इस अभियान नन्हें कदम सनातन की ओर की सराहना की। अतिथियों ने शिविर में शिक्षा प्राप्त किए बच्चों और अंतिम दिवस आयोजित परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली विजेता गर्ग, माही गोयल व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली वैभवी विश्वकर्मा व नव्या अग्रवाल को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान मुकेश गर्ग, श्रीमती लता गोयल, ललिता अग्रवाल, मीना अग्रवाल, मीरा अग्रवाल, ममता अग्रवाल, रेखा गोयल, सपना अग्रवाल, कमलेश गोयल सहित अन्य उपस्थित थे।

### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम बुढ़ाडांड़ निवासी अभनू पैकरा आ. स्व. जतरू (51 वर्ष) रविवार की सुबह अज्ञात कारण से कीटनाशक पी लिया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार दौरान बीती रात मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## पेज 1 के शेष...

### पैथोडिटेक्टर आरटीपीसीआर से...

चिकित्सा महाविद्यालय की स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचविहीन स्थानों के मरीजों को सुगमतापूर्वक पहुंचाई जाएगी। पैथोडिटेक्ट आरटीपीसीआर मशीन के उपयोग में कम से कम मानव संसाधन का उपयोग होता है व क्षय रोग की उच्च गुणवत्ता पूर्वक जांच किया जाना संभव होता है। क्षय कीटाणु की पहचान व रिफाम्पिसीन, आईसोनियाजाइड दवाई की कारगरता 3 घंटे में पहचानी जाएगी। पहले इस जांच में एक महीने का समय लग जाता था लेकिन अब यह जांच तीन घंटे में हो जाएगी और एक दिन में 50 से ज्यादा संभावित क्षय मरीज की जांच आरटीपीसीआर तकनीक से की जाएगी जो पहले संभव नहीं था। उन्होंने बताया कि क्षय रोग की सही जांच क्षय रोग की किटाणु की पहचान करना होता है। पूर्व में लक्षण के आधार पर टीबी बीमारी पहचान की जाती थी जिसमें क्षय रोग के मरीज छूट जाते थे। आरटीपीसीआर विधि से क्षय रोग के शरीर में टीबी किटाणु के सूक्ष्म भाग की उपस्थिति को भी पहचान पाना संभव हुआ है। कई टीबी के मरीज में एक्स-रे सामान्य रहता है परन्तु बलगम की जांच आरटीपीसीआर विधि से कराने में बिमारी की पुष्टि हो जाती है। माइक्रोबायोलॉजी विभाग में टीबी लैब के प्रभारी डॉ. अरविन्द कुमार सिंह ने बताया कि भारत सरकार के टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में ये जांच महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में चिकित्सा महाविद्यालय से माइक्रोबायोलॉजिस्ट, पीजी छात्र, लैब टेक्नीशियन व आईसीएमआर सरगुजा प्रोजेक्ट के सदस्य डॉ. कनक, मिनिस्टर, विक्रम चतुर्वेदी, शशीकला, रोहित चतुर्वेदी, नंदकुमार, व क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के समन्वयक श्रवण खुटें उपस्थित रहें।

### सर्पदंश की अलग-अलग...

अन्य घटना में भटगांव निवासी नोविन रजक आ. शंकर रजक (6 वर्ष) 20 जून को परिजन के साथ जयनगर द्वारिकापुर रिश्तेदार के यहां शादी कार्यक्रम में गया था। इसी बीच बालक पिता के साथ जमीन पर सो रहा था तभी रात लगभग 11 बजे बालक उठा और उल्टी करने लगा। बालक के बार बार कान को पड़ने पर जब परिजन ने देखा तो कान में काला निशान देखा। परिजन टॉर्च जलाकर देखा तो कमरे से बाहर जाता करैत सांप नजर आया। बालक को सांप के काट लेने पर परिजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान गत शाम बालक की मौत हो गई। पुलिस ने तीनों मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## दो सालों से चल रहा था निर्माण, घाट की घुमावदार सड़क हुई सीधी

# एनएच-43 पर लम्बे इंतजार के बाद लुचकी घाट के नवनिर्मित बायोडक्ट से शुरू हुआ आवागमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

**खास बात**

- घाट के खतरनाक मोड़ों के कारण आए दिन होती थी दुर्घटनाएं, लगता था जाम

लम्बे इंतजार के बाद एनएच 43 स्थित लुचकी घाट स्थित बायोडक्ट का निर्माण पूरा होने के बाद आवागमन प्रारम्भ कर दिया गया है। बायोडक्ट से आवागमन शुरू होने से अब घाट के खतरनाक मोड़ों एवं संकरी सड़क से मुक्ति मिल गई है तथा सफर आसान हो गया है।

शहर से सटे लुचकी घाट में आए दिन सड़क जाम की स्थिति निर्मित होने के साथ ही भीषण दुर्घटनाएं होने के कारण शासन ने लुचकी घाट के खतरनाक मोड़ों को हटाने एवं सड़क को सीधी करने के उद्देश्य से एनएच 43 में बायोडक्ट निर्माण की स्वीकृति प्रदान की थी। एनएच 43 के निर्माण में लम्बा समय लगने के कारण लम्बे समय तक बायोडक्ट निर्माण का कार्य अटका रहा। कोविड काल में लम्बे समय तक निर्माण बंद रखने के बाद बायोडक्ट निर्माण की पहल शुरू हुई। इस बीच कई व्यवधान आने के कारण निर्माण प्रभावित रहा वहीं लम्बे समय तक धीमी गति से निर्माण चलता रहा। अंततः दो वर्ष में बायोडक्ट का निर्माण पूरा हुआ। बायोडक्ट बनने के बाद पास की सड़क बनाने में भी लम्बा समय लगा। अंततः शुक्रवार को बायोडक्ट से आवागमन प्रारम्भ किया गया। बायोडक्ट से आवागमन शुरू होने से अब लोगों की यात्रा आसान हो गई है। घाट के खतरनाक मोड़ों से गुजरे बिना ही यात्री सीधी सड़क से सफर कर रहे हैं। अब घाट पर दुर्घटनाएं होने की संभावना भी कम हो गई है। फिलहाल आधी सड़क का निर्माण पूरा नहीं होने के कारण आधी तैयार सड़क से दोनों तरफ के यात्री सफर कर रहे हैं। अधिकारी एक पखवाड़े के भीतर शेष बचे निर्माण को पूरा कराने का दावा कर रहे हैं। आधी अधूरी सड़क दो स्थानों पर 160 मीटर लम्बी सड़क का निर्माण शेष है।



नवनिर्मित बायोडक्ट से आवागमन करते यात्री।

### 270 मीटर लम्बा है बायोडक्ट

सरगुजा संभाग के विभिन्न जिलों में अनेक खतरनाक पहाड़ियां हैं। इन पहाड़ों के खतरनाक मोड़ों से होकर सफर करना पड़ता है। इनमें घाट पेंडारी, दलधोवा घाट, लोरोघाट, बेलाघाट, जमदुआरी घाट एवं लुचकी घाट राजमार्गों से जुड़े हैं। इन खतरनाक घाटों पर आए दिन भीषण दुर्घटनाएं होती है। दुर्घटनाओं की दृष्टि से घाट पेंडारी को बेहद खतरनाक माना जाता है। शासन द्वारा सरगुजा संभाग में एकमात्र लुचकी घाट में सड़क को सीधी करने 20.15 करोड़ की लागत से विशाल पुल का निर्माण किया गया है। बायोडक्ट 270 मीटर लम्बा एवं 14 मीटर चौड़ा है। पुल पर 11 मीटर चौड़ी सड़क के साथ दोनों ओर पैदल चलने के लिए 1.5-1.5 मीटर का फूटपाथ बनाया गया है। पुल में 9 पिलर एवं 34 मीटर में 8 स्पौन लगाए गए हैं।

#### अब बाईपास सड़क का इंतजार

शासन द्वारा आवागमन को आसान बनाने एवं शहर में भारी वाहनों का प्रवेश रोकने के उद्देश्य से एनएच 43 में अलग-अलग स्थानों पर 4 बाईपास सड़कों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की। सड़क निर्माण टेंडर की प्रक्रिया पूरी हो गई है। सीतापुर एवं पत्थलगांव के अतिरिक्त दो बाईपास सड़के शहर में प्रस्तावित है। संजय नगर से रजपुरी खुर्द तक 14 किमी लम्बी एवं संजय नगर साडंबार होते हुए दरिमा मोड़ तक 15 किमी लम्बी बाईपास सड़क प्रस्तावित है। बाईपास सड़क शहर के बाहर-बाहर सभी सड़कों को रिंगरोड की तरह जोड़ देगी। इससे लम्बी दूरी के वाहन शहर में घुसे बिना अपने गंतव्य की ओर रवाना हो जाएंगे।

#### जाम से मिलेगी मुक्ति

लुचकी घाट के खतरनाक मोड़ पर आए दिन दुर्घटनाएं तो होती ही थी, लम्बी दूरी के भारी वाहनों के खराब होने एवं दुर्घटनाएं होने पर सड़क जाम होने के कारण घंटों आवागमन बाधित होता था। बायोडक्ट बनने के बाद अब इस तरह की स्थिति निर्मित नहीं होगी। घाट की सड़क सीधी होने के कारण तीन खतरनाक मोड़ों से मुक्ति मिल गई है। अभी भीड़ से बचने लोग पुरानी सड़क से भी सफर कर रहे हैं जिसे निकट भविष्य में बंद कर दिया जाएगा।

#### जारी है आवागमन

बायोडक्ट से आवागमन प्रारम्भ कर दिया गया है। यात्री सुरक्षित तरीके से सफर कर रहे हैं। एक पखवाड़े के भीतर शेष बचे निर्माण को पूरा कर लिया जाएगा।

-नीतेश तिवारी
ईई, एनएच

## अधिकारियों ने विहान समूह की गतिविधियों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनपुर



मनरेगा के मुख्य अभियंता विनय गुप्ता एवं एनआरएलएम के सीईओ ओ ऐलिस लकड़ा सरगुजा जिले में चल रहे कार्यों के निरीक्षण पर पहुंचे। उन्होंने लखनपुर विकासखंड लखनपुर के ग्राम पंचायत कटिंदा में अमृत सरोवर और बिहान समूह की गतिविधियों का निरीक्षण किया।

मिली जानकारी के मुताबिक मुख्य अभियंता विनय गुप्ता एवं एनआरएलएम सीईओ ओ एलिस लकड़ा अधिकारियों के साथ ग्राम कटिंदा पहुंचे जहां उन्होंने अमृत सरोवर का निरीक्षण किया साथ ही बिहान समूह की महिलाओं से मुलाकात कर महिलाओं के व्यक्तिगत गतिविधियों का निरीक्षण किया। उन्होंने बैंक सखी कार्यों एवं वर्तमान में बीमा संबंधित कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने बिहान समूह की परित्यक्ता फजीरून निशा की किराना दुकान एवं फोटो कॉपी मशीन दुकान का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने समूह से जुड़ी महिला अनुराधा प्रजापति के ऑटो का निरीक्षण किया।बिहान समूह से जुड़कर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं आत्मनिर्भर और सशक्त बन रही हैं।निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी वेद प्रकाश पांडे, बिहान योजना के जिला कार्यक्रम प्रबंधक राहुल मिश्रा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुभाष मिश्रा, बीपीएम मनोज किस्पोट्टा, प्रदान संस्था से विकास टंडन एवं बिहान समूह की महिलाएं और बैंक सखी मौजूद रही।

### घर में लकवाग्रस्त वृद्ध की जलने से हुई मौत

**बिश्रामपुर।** लकवाग्रस्त एक वृद्ध की रविवार को घर में जलकर मौत हो गई है।

जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत पेंडरखी निवासी 75 वर्षीय जंगी दास पिता गंवटिया दास पिछले तीन महीने से लकवाग्रस्त बीमारी से पीड़ित था। वृद्ध को घर में देखरेख का कार्य उसका भतीजा लक्ष्मण दास करता था। इसी बीच रविवार की दोपहर में वृद्ध के बिस्तर में आग लगने से उसकी मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने शव पंचनामा उपरांत मामले में मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

## हार्डवेयर दुकान के कर्मचारियों ने चोरी कर सामान बेचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

- एक नाबालिग समेत दो चोर व पांच खरीददार गिरफ्तार, एक लाख का सामान बरामद



गांधीनगर पुलिस ने हार्डवेयर दुकान में चोरी करने के मामले में एक नाबालिग समेत दो चोरों और पांच खरीददारों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने दुकान में काम करते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया और फिर उन्हें बेचने की बात कबूल की है। पुलिस ने आरोपियों से एक लाख रुपए का सामान बरामद किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बनारस चौक निवासी राम निवास अग्रवाल की बनारस चौक जवाहर मार्केट में ओम ट्रेडर्स ग्लास एवं हार्डवेयर की दुकान संचालित है। दुकान में काम करने वाले कर्मचारी संदीप एक्का व एक अन्य विधि से संघर्षरत बालक द्वारा काम करने के दौरान एल्युमिनियम जाली 6 बंडल, एशियन इम्लसन पेन्ट 29 लीटर, एशियन इनामेल पेन्ट 12 लीटर, एशियन डिस्टेम्पर 5 किलो, स्क्रू 12 डिब्बा व समेत लगभग 1 लाख रुपए का सामान पार कर दिया। व्यवसायी द्वारा 22 जून को घटना की शिकायत पुलिस से की गई थी। शिकायत के बाद पुलिस द्वारा जांच उपरान्त मानिकप्रकाशपुर निवासी 24 वर्षीय संदीप एक्का व नाबालिग को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस के अनुसार नाबालिग आरोपी ने रमेश अग्रवाल को 29 लीटर एशियन इम्लसन पेंट, एशियन इनामेल पेन्ट 12 लीटर एवं 1 बंडल एलम्यूमिनियम जाली 1 हजार रुपए में बेचा जबकि नाजीर आलम को 7 डब्बा कब्जा 500 रुपए, ऋषभ गुप्ता को 2 बंडल एल्युमिनियम जाली को 3 हजार रुपए में एवं आकाश गुप्ता को फिनोलेक्स वायर खुला बंडल को 12 सौ रुपए में बेच दिया। नाबालिग ने बेचे गए रकम को खाने पीने में खर्च होने की बात कहीं। वहीं आरोपी संदीप एक्का से दुकान से चोरी किये गए सामान के बारे में पूछताछ करने पर 2 बंडल एल्युमिनियम जाली को नालापारा निवासी पप्पू शर्मा को 58 सौ रुपए में एवं 1 बंडल जाली को स्वयं उपयोग करने हेतु किराया रूम में रखने की जानकारी दी। जाली बेचने से प्राप्त नगद को आरोपी ने खर्च कर दिया।

आरोपियों से पूछताछ के बाद पुलिस ने छापेमारी कर बनारस चौक निवासी 54 वर्षीय रमेश अग्रवाल, रसूलपुर बरेज तालाब निवासी 28 वर्षीय नाजीर आलम, बौरीपारा शिकारी रोड निवासी 30 वर्षीय ऋषभ गुप्ता, महाराजा गली निवासी 28 वर्षीय आकाश गुप्ता, नालापारा निवासी 30 वर्षीय पप्पू शर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उन्होंने आरोपी संदीप एक्का व विधि से संघर्षरत बालक से चोरी का सामान खरीदना कबूल किया। पुलिस ने आरोपियों से चोरी का सामान बरामद किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर प्रदीप जायसवाल, सउनि विनय सिंह, प्रधान आरक्षक विपिन तिवारी, आरक्षक उमाशंकर साहू, अनिल सिंह, घनश्याम देवांगन, सतीश शामिल रहे।

## एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

- हरियाणा से पकड़ा गया आरोपी, 20 हजार रुपए नगद बरामद



**अंबिकापुर।** एटीएम कार्ड बदलकर एक लाख चार हजार रुपए की ठगी करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद हरियाणा से एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है जबकि उसके साथियों की तलाश की जा रही है। आरोपी जगह जगह घूमकर ठगी की घटना को अंजाम देते थे। मणीपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मनेन्द्रगढ़ निवासी दुर्गावती तिग्गा 18 मई को अपने पति के साथ किसी काम से शहर में आई थी। इस दौरान महिला बिलासपुर चौक स्थित एसबीआई के एटीएम में पैसा निकालने गई थी। महिला ने दस हजार रुपए की नगद निकासी की। इसी दौरान पीछे खड़े एक व्यक्ति ने ट्रांजैक्शन के बीच में टोककर मोबाइल फोन में ओटीपी आने की बात कही और उनका ध्यान भटककर एटीएम कार्ड को बदल दिया। इसी बीच उनके खाते से 1 लाख 4 हजार रुपए आहरित होने का मैसेज आया जिसके बाद उन्हें एटीएम कार्ड बदलने और ठगी होने की जानकारी हुई। महिला ने 21 मई को घटना की शिकायत पुलिस से की थी। शिकायत के बाद पुलिस ने घटना स्थल के आस पास सीसीटीवी फुटेज की जांच की। जांच के दौरान एक बलेनो कार क्रमांक एचआर 86 बी 0528 संदिग्ध रूप से नजर आई। ऐसे में पुलिस टीम को हरियाणा के राजथल रवाना किया गया था। पुलिस ने हरियाणा से बलेनो कार को जब्त किया लेकिन आरोपी फरार चल रहे थे। पुलिस द्वारा हरियाणा में मुखबिर की तैनाती तकनिकी सहायता से हरियाणा के हासी नारनौद के ग्राम राजथल निवासी 32 वर्षीय सुरेश उर्फ कबिरा आ. प्रह्लाद सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी आदतन अपराधी है और वे दीगर राज्य व जिलों में घूम घूमकर एटीएम कार्ड बदलकर ठगी की घटना को अंजाम देते है। पुलिस ने आरोपी से 20 हजार रुपए नगद बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को धारा 420, 34 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जबकि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

### पिकअप से उतरते समय फिसलकर गिरा मजदूर, मौत

**राजपुर।** पिकअप से उतारते समय गिरकर मजदूर की मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम खोड़रो निवासी बेन्दु कंवर का खोड़रो और अंबिकापुर में मकान है। युवक आज अपना घर के छप्पर को छवाने के लिए अपने ही गांव से चार मजदूरों को लेकर पिकअप से अंबिकापुर जा रहा था। घर से कुछ दूर निकलने के बाद किसी काम से लिए पिकअप को युवक ने रोका था इसी दौरान पिकअप से उतरते समय ग्राम खोड़रो निवासी मजदूर 40 वर्षीय करण साय आ. खुना साय फिसलकर सिर के बल गिर गया।

इस घटना में गंभीर रूप से घायल युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।





विजेता को पुरस्कृत करते अतिथि।

## संभाग स्तरीय शतरंज में गौतम बने विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

सरगुजा शतरंज संघ द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का समापन ननि सभापति अजय अग्रवाल सीनियर सिटीजन फोरम के अध्यक्ष विष्णु अग्रवाल, शतरंज संघ बलरामपुर के अध्यक्ष हरीश मिश्रा के आथित्य में रविवार को किया गया। प्रतियोगिता के ओपन वर्ग में अंबिकापुर के गौतम केशरी विजेता जबकि अजीत जायसवाल उप विजेता बने। तीसरा स्थान चिरमिरी के दीपांकर सेन गुप्ता ने प्राप्त किया।

जूनियर बालक वर्ग में अंबिकापुर के यीजनांश गुप्ता विजेता एवं बिश्रामपुर के मनविंदर सिंह उपविजेता रहे, ऋषिकांत दुबे ने तीसरा पाया। बालिका वर्ग में अंबिकापुर की स्नेहा गुप्ता विजेता, प्रतापपुर की राखी उप विजेता एवं अंबिकापुर की वर्तिका तिवारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अण्डर-15 बालक वर्ग में अंबिकापुर के नैतिक अग्रवाल विजेता, रोहन गुप्ता उप विजेता एवं कोरिया के श्रेयांश मिश्रा तीसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में कोरिया की आफरीन विजेता, अंबिकापुर की मेधांशी तिर्की उप विजेता एवं सूरजपुर की अनन्या राय ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अण्डर-9 बालक वर्ग में सूरजपुर के अरूप कुमार रे विजेता, बलरामपुर के सृहन गुप्ता उप विजेता एवं कोरिया के मृगांक शर्मा तीसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में कोरिया की याशिका प्रथम, अंबिकापुर की परिधि गुप्ता उप विजेता एवं न्यासा यादव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार अंबिकापुर की सेजल सिंह को मिला। सर्वश्रेष्ठ वेटरन खिलाड़ी कोरिया के अशोक कुमार सिंह रहे। विजेताओं को पुरस्कार में 36000 रूपए की राशि के साथ ट्रॉफी और मोमेंटो प्रदान किए गए। दो दिवसीय प्रतियोगिता में सरगुजा संभाग के विभिन्न जिलों के 300 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस अवसर पर ननि सभापति श्री अग्रवाल ने आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा सरगुजा मे शतरंज खेल में अपार संभावनाएं हैं। खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के निर्देशन में सरगुजा शतरंज संघ द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी, सचिव हेमंत खूंटे ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

प्रतियोगिता का संचालन अंतर्राष्ट्रीय आर्बिटर अनीश अंसारी ने किया। सहायक निर्णायक का दायित्व रामकुमार और दीपक सिंह ने निभाया। प्रतियोगिता विश्वनाथ मनियन के संयोजन एवं शेष रतन जायसवाल के निर्देशन में हुई। इस दौरान छत्तीसगढ़ शतरंज संघ के सह सचिव एस के वैष्णव, जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राणा, एसएसपी वर्मा, एसएम कुरैशी, दीपेन्द्र यादव, कुसुम यादव, सत्यम द्विवेदी,रानी गुप्ता, योगेंद्र गुप्ता, विश्वास तिवारी, विजय जांगड़े सहित खिलाड़ी मौजूद थे।

### खिलाड़ियों के बीच पहुंचे उच्च शिक्षा सचिव प्रसन्ना



सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ द्वारा आयोजित बास्केटबॉल लीग में प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग के सचिव आर प्रसन्ना शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। बता दें कि सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ द्वारा बास्केटबॉल लीग का आयोजन 22 से 24 जून तक गांधी स्टेडियम स्थित बास्केटबॉल ग्राउंड में किया गया है। बालक-बालिका वर्ग में अंडर 14 और अंडर 17 के खिलाड़ियों के बीच आयोजित प्रतियोगिता में कुल 140 खिलाड़ी शामिल हो रहे है। आज प्रतियोगिता के दूसरे दिन सेमीफाइनल में खिलाड़ियों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया गया। प्रतियोगिता के दौरान सरगुजा दौरे पर पहुंचे पूर्व कलेक्टर और उच्च शिक्षा विभाग के सचिव आर प्रसन्ना खिलाड़ियों के बीच पहुंचे। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों से मिलकर उनका उत्साह वर्धन किया। उन्होंने सिंथेटिक कोट की सराहना करते हुए कहा कि इसी तरह खिलाड़ी अपनी प्रतिभा को निखारते रहे। इस दौरान राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह, शैलेश प्रताप सिंह, रीनु जैन, रितेश वर्मा, राजेश सिंह काकू, धनेश प्रताप सिंह, श्यामाकान्त तिवारी, दुर्गेश त्रिपाठी उपस्थित थे।





